लोक सभा अध्यक्ष ने कहा "हमें भारतवंशियों पर गर्व है

कैंप सेसेल्स, 11 जनवरी 2018 : लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन जो सेसेल्स गए भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रही हैं ने कल शाम विक्टोरिया,सेसेल्स में 'प्रवासी भारतीय समारोह' में भाग लिया। श्रीमती महाजन ने कहा कि साथ-साथ आगे बढ़ने के लिए भारत और सेसेल्स के बीच के संबंध ऐतिहासिक समझौतों, सांस्कृतिक संबंधों, मैत्री और आपसी समझ पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि सेसेल्स को भारत का निर्बाध प्रेम, स्नेह और बिना शर्त समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा कि भारतवासी वहां जाकर सबसे पहले बसने वालों में से हैं और दशकों के दौरान सेसेल्स की भूमि में रच बस गए हैं।

श्रीमती महाजन ने सेसेल्स में भारतीय मूल के लोगों के योगदान की सराहना की और कहा कि उन्होंने न केवल सेसेल्स की संस्कृति को उन्नत किया है और उसे आत्मसात किया है बल्कि उन्होंने अनेक क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा भी दिखाई है और इस प्रकार वहां के औद्योगिक और आर्थिक विकास में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत और सेसेल्स के बीच में भारतवंशियों और वहां के लोगों के बीच बहुत प्रगाढ़ संबंध हैं और हिन्द महासागर की उपस्थिति ने वास्तव में उन्हें जोड़ा है। भारतवंशियों की सदिच्छाओं ने भारत और सेसेल्स के बीच के मजबूत और जीवंत संबंधों में बहुत योगदान दिया है।

इस बात पर ज़ोर देते हुए श्रीमती महाजन ने इस बात की सराहना की कि विश्वभर में 30 मिलियन भारतवंशी एक ऊर्जावान और विश्वास से भरे समुदाय के रूप में अपनी कार्य संस्कृति, सामाजिक मूल्यों और अनुशासन प्रियता के कारण विदेशों में योगदान किया जिसके कारण भारत को गर्व और सम्मान मिला है। वे विश्वभर में भारतीय संस्कृति के वास्तविक दूत हैं और यह उल्लेखनीय है कि उन्होंने भारतीय परम्पराओं, मूल्यों और मूल तत्वों को बनाए रखा है।

श्रीमती महाजन ने कहा कि भारत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीव्र आर्थिक विकास के नए युग के दरवाजे पर खड़ा है और उन्होंने प्रवासी भारतियों से अपने कौशल को साझा करने तथा 'मेक इन इंडिया' जैसी योजनाओं में निवेश करने की संभावनाओं के लिए अनुरोध और आमंत्रित किया।

श्रीमती महाजन ने कहा कि वर्ष 2003 में प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भारतवंशियों की सफलताओं का सम्मान करने के लिए हर साल की 9 जनवरी को प्रवासी भारतीय दिवस के रूप में मनाने की पहल की थी। यह महात्मा गांधी के 1915 में दक्षिण अफ्रीका से वापस भारत आने की तिथि है।

उन्होंने टिप्पणी की कि दोनों देशो के बीच संसदीय शिष्टमंडलों के आदान प्रदान से हमारे द्विपक्षीय संबंधों में मजबूती आयी है। उन्होंने सेसेल्स की संसद में संग्रहालय स्थापित करने और टेलिविजन के प्रसारण के लिए सभी तरह की सहायता का वचन दिया जोकि भारत की संसद में सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं।

'प्रवासी भारतीय समारोह' का आयोजन 'इंडियन असोशिएशन ऑफ सेसेल्स' और सेसेल्स में भारतीय उच्चायोग ने मिलकर किया था।

इससे पूर्व श्रीमती महाजन ने 8 से 11 जनवरी 2018 तक विक्टोरिया, सेसेल्स में आयोजित राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 24वें सम्मेलन के कई सत्रों में भाग लिया था और 'विधानमंडलों के प्रभावी कार्यकरण के लिए संसदीय शोध को सुदृढ़ बनाने' विषय पर मुख्य भाषण भी दिया था।